68

"और, अन्त में"

(22:6-21)

प्रकाशितवाक्य के अध्ययन का आरम्भ करने के लिए एल्बर्ट बाल्डिंगर के शब्दों से बेहतर हो ही नहीं सकते:

> हमने एक लम्बा बल्कि कठिन सफर तय किया है जो हमें ... "ऊंचे पहाड़" पर ले आया है जहां से हमें महिमा से भरे देश की झलक दिखाई गई [थी]। हमारे पीछे "अपोकलिप्स के चारों घोड़ों" की लाशें, बुझ चुके ज्वालामुखी की राख, तूफ़ानों का कूड़ा, सामाजिक भूकम्पों की तबाही, रहस्यमयी [बाबुल] और दुष्ट साम्राज्यों के खण्डहर पड़े हैं। पाप और बुराई तथा मानवीय सनक ने जितना हो सका उतना नुकसान किया है। अरमगिद्दोन खत्म हो गया है। हर जगह परमेश्वर का मेमना ही विजयी है। और क्या रहता है?[1]

अब केवल प्रकाशितवाक्य का समेटा जाना ही रह गया है। आत्मा ने पुस्तक के समापन के लिए अध्याय 22 की अन्तिम सोलह आयतों का इस्तेमाल किया।

पहली नज़र में, लगता है कि इन आयतों का आपस में सम्बन्ध नहीं है।[2] गहरी नज़र से देखने पर पता चलेगा कि ये आयतें पुस्तक में पहले आए मुख्य विचारों का दोहराया जाना ही है।[3] यानी ये वे सच्चाइयां हैं, जिन्हें प्रभु चाहता है कि हम याद रखें। इन आयतों का विशेष महत्व है क्योंकि इनमें बाइबल के अन्तिम शब्द, अर्थात परमेश्वर की प्रेरणा से लिखी गई अब तक की अन्तिम बातें हैं।[4]

दोहराए गए विचार (22:6-8, 10, 12, 13, 16, 20, 21)

प्रकाशितवाक्य 22:6-21 से कई विचारों में पुस्तक के आरम्भिक शब्दों की झलक मिलती है। अपोकलिप्टिस के आरम्भिक शब्दों को दोबारा पढ़ें:

> यीशु मसीह का प्रकाशितवाक्य जो उसे परमेश्वर ने इसलिए दिया, कि अपने दासों को वे बातें, जिनका शीघ्र होना आवश्य है, दिखाए: और उसने अपने स्वर्गदत को भेजकर उसके द्वारा अपने दास यूहन्ना को बताया। जिसने परमेश्वर के वचन और यीशु मसीह की गवाही, अर्थातजो कुछ उसने देखा था उसकी गवाही दी (1:1, 2)।

अध्याय 22 में हमने पढ़ा कि स्वर्गदूत ने यूहन्ना को बताया कि "... प्रभु ने जो भविष्यवक्ताओं की आत्माओं का परमेश्वर है, अपने स्वर्गदूत को इसलिए भेजा, कि अपने दासों को वे बातें जिन का शीघ्र पूरा होना अवश्य है, दिखाए" (आयत 6; देखें आयत 16)। यूहन्ना ने लिखा, "मैं वही यूहन्ना हूं, जो ये बातें सुनता, और देखता था" (आयत 8क)।[5] इस प्रकार परमेश्वर हमें याद दिलाता है कि प्रकाशितवाक्य की पुस्तक परमेश्वर की प्रेरणा रहित (जैसा कुछ लोगों का विचार है) स्रोतों से लिए गए विचारों का संग्रह नहीं है यानी यह *उसी* की ओर से है।

अध्याय 1 के आरम्भिक शब्दों में "वे बातें जिनका शीघ्र होना अवश्य है" वाक्यांश है (आयत 1)। उसी अध्याय की आयत 3 कहती है कि "समय निकट है।" अध्याय 22 में उससे मिलते जुलते शब्द है: आयत 6 कहती है कि परमेश्वर ने अपने दासों को "वे बातें जिनका शीघ्र होना अवश्य है" दिखाने के लिए अपने स्वर्गदूत को भेजा। आयत 10 से हमें पता चलता है कि स्वर्गदूत ने "समय निकट है" कहते हुए इन बातों को बन्द न करने[6] के लिए कहा। यह वाक्यांश हमें याद दिलाता है कि प्रकाशिवाक्य का मुख्य उद्देश्य उस समय के मसीही लोगों को प्रोत्साहित करना था, न कि हजारों वर्ष बाद के भविष्य की समयसारिणी देना।

इसके अलावा पुस्तक के आरम्भिक शब्दों में हमने पढ़ने वालों और सुनने वालों, दोनों के लिए विशेष आशिषें देखी थीं: "धन्य है वह जो इस भविष्यवाणी के वचन को पढ़ता है, और वे जो सुनते हैं, और इसमें लिखी हुई बातों को मानते हैं" (1:3क)। प्रकाशितवाक्य बन्द भी इससे मिलती जुलती आशीष से ही होता है: "धन्य है वह जो इस पुस्तक की भविष्यवाणी की बातें मानता है" (22:7ख)। इस आयत में परमेश्वर हमें याद दिलाता है कि हमारा यह अध्ययन बौद्धिक अभ्यास नहीं है क्योंकि प्रकाशितवाक्य की पुस्तक हमारे व्यवहारों तथा जीवनों को बदलने के उद्देश्य से लिखी गई है।

पहले अध्याय में यूहन्ना ने "आसिया की सात कलीसियाओं" को लिखा (1:4; देखें 1:11)। अन्तिम अध्याय में प्रभु ने यूहन्ना को बताया कि "मुझ यीशु,[7] अपने स्वर्गदूत को इसलिए भेजा कि तुम्हारे आगे कलीसियाओं के विषय में इन बातों की गवाही दे" (22:16क)। परमेश्वर फिर स्थानीय कलीसिया के महत्व पर जोर दे रहा था। वह हमें याद दिला रहा था कि पूरी पुस्तक स्थानीय कलीसियाओं की सहयाता तथा उन्हें मज़बूत बनाने के लिए बनाई गई थी।

अध्याय 1 में मण्डलियों को यूहन्ना का अभिवादन था कि "तुम्हें अनुग्रह और शान्ति मिलती रहे" (आयत 5ख)। अध्याय 22 को उसने इस आशीष के साथ बन्द किया: "प्रभु यीशु का अनुग्रह पवित्र लोगों के साथ रहे" (आयत 21क)। इस प्रकार हमें याद दिलाया जाता है परमेश्वर का अनुग्रह हमारी आशा और हमारी शान्ति का आरम्भ और अन्त है।

अध्याय 1 में यूहन्ना ने यीशु के विषय में लिखा, "देखो, वह बादलों के साथ आने वाला है" (आयत 7क)।[8] इस घटना की निश्चितता प्रकाशितवाक्य के अन्तिम भाग का मुख्य विचार है। तीन बार यीशु ने कहा, "मैं शीघ्र आने वाला हूं":[9]

देख, मैं शीघ्र आने वाला हूं; धन्य है वह जो इस पुस्तक की भविष्यवाणी की बातें मानता है (22:7)।

देख, मैं शीघ्र आनेवाला हूं; और हर प्रकार के काम के अनुसार बदला देने के लिए प्रतिफल मेरे पास है (22:12)।

जो इन बातों की गवाही देता है, वह यह कहता है, हां, मैं शीघ्र आने वाला हूं। आमीन। हे प्रभु यीशु आ (22:20)।

परमेश्वर ने ये यादगारें दीं कि हमें हमेशा तैयार रहना चाहिए क्योंकि हम नहीं जानते कि यीशु किस दिन और किस घड़ी आ जाएगा (मत्ती 24:36)।

अन्त में, अध्याय 1 में हमने परमेश्वर और मसीह को दिए गए विशेष पदनाम देखें। 1:8 में प्रभु[10] ने कहा, ''मैं ही अल्फा और ओमेगा हूं।'' 1:17 में यीशु ने कहा, ''मैं प्रथम और अन्तिम और जीवता हूं।'' अध्याय 22 में यीशु ने कहा, ''मैं अलफा और ओमिगा, पहिला और पिछला, आदि और अन्त हूं'' (आयत 13)। परमेश्वर हमें याद दिलाना चाहता है कि उसका पुत्र ईश्वरीय है और उसे सम्मान दिया जाए और उसकी आज्ञा मानी जाए।

वचन के हमारे पाठ में और विचार दोहराए गए हैं, परन्तु हम उन्हें मुख्य सच्चाइयों पर परमेश्वर के ''अन्तिम शब्दों'' पर विचार करते हुए देखेंगे।

अन्तिम शब्द (22:6-21)

पवित्र शास्त्र पर अन्तिम बात (आयतें 6, 18, 19)

वचन का हमारा पाठ स्वर्गदूत द्वारा यूहन्ना को यह बताने से आरम्भ होता है कि ''ये बातें विश्वास के योग्य और सत्य हैं''[11] (आयत 6क)। अध्याय 21 और 22 में स्वर्ग के विवरण की प्रासंगिकता के लिए इस कथन का विशेष महत्व है। यह प्रकाशितवाक्य की पूरी पुस्तक के संक्षिप्त वाक्य बनाने के लिए दिया गया हो सकता है। इसके अलावा पवित्र शास्त्र की परिपूर्णता की घोषणा भी हो सकता है।

बाइबल विश्वास के योग्य क्यों है? इसका उत्तर आयत 6 के इन शब्दों में मिलता है: ''... प्रभु ने, जो भविष्यवक्ताओं की आत्मा का परमेश्वर है ...'' बाइबल को लिखने वालों ने अपने विचार, आइडिया और बातें नहीं लिखीं। इसके बजाय परमेश्वर ने उनकी आत्माओं पर नियन्त्रण रखा था। पतरस ने ज़ोर देकर कहा कि ''कोई भी भविष्यवाणी मनुष्य की इच्छा से कभी नहीं हुई पर भक्त जन पवित्र आत्मा के द्वारा उभारे जाकर परमेश्वर की ओर से बोलते थे'' (2 पतरस 1:21)।

बाइबल परमेश्वर की ओर से है, जिस कारण हमें इसका सम्मान किया जाना आवश्यक है और कहीं भी इतने जोरदार शब्दों में ज़ोर नहीं दिया गया जितना 18 और 19 आयतों में मिलता है।

> मैं हर एक को जो इस पुस्तक की भविष्यवाणी की बातें सुनता है, गवाही देता हूं, कि यदि कोई मनुष्य इन बातों में कुछ बढ़ाए, तो परमेश्वर उन विपत्तियों को जो इस पुस्तक में लिखी हैं, उस पर बढ़ाएगा। और यदि कोई इस भविष्यवाणी की पुस्तक की बातों में से कुछ निकाल डाले, तो परमेश्वर उस जीवन के पेड़ और पवित्र नगर में से जिसकी चरचा इस पुस्तक में है, उसका भाग निकाल देगा।

प्रकाशितवाक्य की भयानक विपत्तियों पर ध्यान करें; पुस्तक में जोड़ने वाला चाहे कोई भी हो उस पर वे विपत्तियां पड़ेंगी। जीवन के वृक्ष सहित स्वर्ग की अद्‌भुत आशिषों को याद करें; पुस्तक में से कुछ निकालने वाला कोई भी व्यक्ति उन आशिषों का आनन्द नहीं ले सकता।[12]

नये नियम की और कोई पुस्तक ऐसी अशुभ धमकियों के साथ बन्द नहीं होती। प्रकाशितवाक्य में इन धमकियों को क्यों जोड़ा गया है? शायद परमेश्वर को पहले से पता था कि लोग इस पुस्तक का गलत इस्तेमाल करेंगे। शायद वह हमें बताना चाहता था कि उसे मालूम था कि लोग इसमें अपने विचार डालने के लाभ में आएंगे और कुछ लोग अपनी विचारधारा से मेल न खाने वाले भागों को निकालना चाहेंगे।

वचन में जोड़ने या उसमें से निकाले जाने की बात नये नियम की किसी और पुस्तक में नहीं मिलती, परन्तु उनमें पवित्र शास्त्र के परिपूर्ण होने के बारे में परमेश्वर की सोच की झलक मिलती है। ऐसे ही विचार बाइबल के आरम्भ (व्यवस्थाविवरण 4:2) और बीच (नीतिवचन 30:6) में मिलते हैं। पौलुस ने यही बात कहनी चाही जब उसने चेतावनी दी कि मसीह के सुसमाचार को बिगाड़ने वाला चाहे कोई भी हो, वह शापित होगा (गलातियों 1:6-9)।

वचन में जोड़ने के पाप पर विशेष ध्यान दें: कइयों का विचार है कि जब तक बाइबल की किसी बात को मानते हैं, इसमें जोड़ने या बढ़ाने से कोई फर्क नहीं पड़ता। परमेश्वर कहता है कि बिना सोचे विचारे उसके वचन में जोड़ने वाले उतने ही दोषी हैं, जितने उन सच्चाइयों को चालाकी से नकारने वाले।

पवित्र शास्त्र पर अन्तिम शब्द क्या हैं? बाइबल परमेश्वर का वचन है, इसलिए इसका सम्मान किया जाना आवश्यक है।

यीशु पर अन्तिम शब्द (आयतें 7, 12, 13, 16, 20)

प्रकाशितवाक्य के आरम्भिक शब्द ज़ोर देते हैं कि यह "यीशु मसीह का प्रकाशितवाक्य" है। यीशु मसीह का प्रकाशितवाक्य जो उसे परमेश्वर ने इसलिए दिया, कि अपने दासों को वे बातें, जिनका शीघ्र होना आवश्यक है, दिखाए: और उसने अपने स्वर्गदूत को भेजकर उसके द्वारा अपने दास यूहन्ना को बताया (1:1)। पूरी पुस्तक में यीशु ही मुख्य है। इसी प्रकार अन्तिम शब्दों में भी वही मुख्य है। उसने बार-बार कहा, "मैं आने वाला हूं" (आयतें 7, 12, 20)। उसे "अल्फा और ओमेगा प्रथम और अन्तिम, आरम्भ और अन्त" कहा गया है (आयत 13)। इसके अलावा उसे "दाऊद का मूल, और वंश,[13] और भोर का चमकता हुआ तारा हूं" (आयत 16ख) कहा गया है।

"दाऊद का मूल और वंश" वाक्यांश दावा करता है कि अपनी ईश्वरीयता में यीशु दाऊद के वंश को चलाने वाला था और अपनी मनुष्यता में वह दाऊद का वंश था। पुराने नियम की दाऊद से जुड़ी हर एक प्रतिज्ञा मसीह के जन्म, मृत्यु, जीवन पुनरुत्थान और स्वर्गारोहण में पूरी हुई थी (देखें प्रेरितों 2:24-36[14])।

थुयातीरा में जय पाने वालों को यीशु ने बताया कि वह उन्हें "भोर का तारा" देगा (2:28)। भोर का तारा दिन निकलने से थोड़ा पहले आमतौर पर क्षितिज के निकट आकाश में चमकने वाली रौशनी होती है। यह नये दिन के आने का संदेश है।[15] प्रकाशितवाक्य के अन्तिम शब्दों में, यह जोर दिया गया है कि यीशु स्वयं "भोर का तारा" है (आयत 16ख)।

यीशु पर अन्तिम शब्द क्या है? वह हमारा सब कुछ (अर्थात "प्रथम और अन्तिम") और हमारी *आशा* का देने वाला ("भोर का चमकता हुआ तारा") है!

परमेश्वर पर अन्तिम शब्द (आयतें 8ख, 9)

वचन के हमारे पाठ में केवल यीशु पर अन्तिम शब्द ही नहीं है, बल्कि इसमें परमेश्वर पर अन्तिम शब्द भी है। स्वर्गदूत द्वारा यूहन्ना को स्वर्ग के बारे में बताये जाने पर, प्रेरित फिर से अभिभूत हो गया था (जैसे वह अध्याय 19 में हुआ था) और उसने फिर वही गलती की:

> और जब मैंने सुना, और देखा, तो जो स्वर्गदूत मुझे ये बातें दिखाता था, मैं उसके पांवों पर दण्डवत करने के लिए गिर पड़ा।[16] और उसने मुझसे कहा, देख, ऐसा मत कर; क्योंकि मैं तेरे और तेरे भाई भविष्यवक्ताओं और इस पुस्तक की बातों के मानने वालों का संगति दास हूं; परमेश्वर ही को दण्डवत कर (आयतें 8ख, 9)।

स्वर्गदूत ने अध्याय 19 वाला संदेश ही दोहराया कि वह भी यूहन्ना की तरह आदेश का पालन करने वाला था इसलिए उसे दण्डवत नहीं करना चाहिए।[17]

परमेश्वर पर अन्तिम शब्द क्या है? उसे *दण्डवत करो* अर्थात उसकी आराधना करो: उसकी स्तुति करो, उसे सराहो, और उसे अपने जीवन में पहला स्थान दो! (देखें मत्ती 6:33.)

समर्पण पर अन्तिम शब्द (आयतें 7, 10-12, 14, 15)

हमने पवित्र शास्त्र पर, यीशु पर और परमेश्वर पर "अन्तिम शब्द" देखा है। इन गंभीर सत्यों के प्रकाश में, क्या इससे कोई फर्क पड़ता है कि हम प्रभु की कही किसी बात को करते हैं या नहीं? हमें पहले ही बताया गया है कि पुस्तक की शिक्षाओं को "मानने" वालों को आशिषें मिलेंगी (आयत 7)। 14 और 15 आयतें उस विचार को विस्तार देती हैं:

> धन्य वे हैं, जो अपने वस्त्र[18] धो लेते हैं,[19] क्योंकि उन्हें जीवन के वृक्ष के पास आने का अधिकार मिलेगा, और वे फाटकों से होकर नगर में प्रवेश करेंगे। पर कुत्ते, और

टोन्हें, और व्यभिचारी, और हत्यारे और मूर्तिपूजक, और हर एक झूठ का चाहने वाला, और गढ़ने वाला बाहर[20] रहेगा।

जैसा हमने अध्ययन में पहले देखा था, हम यीशु की इच्छा को मानकर उसके लहू में "अपने वस्त्र धोते" हैं (7:14)।[21] जब तक हम प्रभु को अपने जीवन देने को तैयार नहीं है, हम स्वर्ग में प्रवेश नहीं कर सकते।

22:15 वाली अधर्मियों की सूची 21:8 वाली सूची से मिलती जुलती है, इसमें केवल "कुत्ते" शब्द नहीं है। यदि आप ऐसी जगह रहते हैं, जहां कुत्तों को पालतू माना जाता है, तो यह शब्द आपको अजीब लग सकता है। इस आयत को समझने के लिए घर में पाले गए पिल्ले पर नहीं बल्कि पिस्सू पड़े, खरसैले कुत्ते पर ध्यान करें। प्रकाशितवाक्य लिखे जाने के समय गुर्राते हुए आवारा कुत्ते झुंडों में घूमते और मुर्दाखोर होते थे। बाइबल अधर्मियों के लिए इस शब्द का इस्तेमाल करती है। (देखें व्यवस्थाविवरण 23:18; 1 राजा 21:19; भजन संहिता 22:16, 20; फिलिप्पियों 3:2.)

7, 14 और 15 आयतें आज्ञा पालन की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं, परन्तु हमें प्रभु की आज्ञा *कब* माननी चाहिए? इस प्रश्न का उत्तर 10 से 12 आयतों में यानी उन आयतों में सुझाया गया है जिनमें विशेष भाषा मिलती है। स्वर्गदूत ने यूहन्ना से कहा:

> इस पुस्तक की भविष्यवाणी की बातों को बन्द मत कर क्योंकि समय निकट है। जो अन्याय करता है, वह अन्याय ही करता रहे; और जो मलिन है, वह मलिन बना रहे; और जो धर्मी है, वह धर्मी बना रहे; और जो पवित्र है, वह पवित्र बना रहे (आयत 10ख, 11)।

फिर यीशु ने आगे कहा, "देख, मैं शीघ्र आनेवाला हूं; और हर एक के काम के अनुसार बदला देने के लिए प्रतिफल मेरे पास है" (आयत 12)।

यह समझना आसान है कि प्रभु क्यों चाहता है कि धर्मी लोग धर्मी बने रहें और वह क्यों चाहता है कि पवित्र लोग पवित्र बने रहें। परन्तु उसने अपने दूत से क्यों कहलवाया कि अन्याय करने वाले और मलिन अपने बुरे कामों में लगे रहें? यह उनमें से एक बार है जब हम उस पर और आश्वस्त हो सकते हैं कि इस वचन में वह *नहीं* लिखा जो यह सिखाता है: (1) हम जानते हैं कि यह यह *नहीं* सिखाता कि मनुष्य के जीवन के कैसा भी होने पर वह स्वर्ग में चला जाएगा (देखें आयतें 14, 15)। (2) हम जानते हैं कि यह गलत करने वालों को प्रोत्साहन देने वालों की इच्छा से *नहीं* है। (इन आयतों में ज़ोर *सही* करने पर है।) (3) हम जानते हैं कि यह यह *नहीं* सिखाता कि पाप करने वाले सब लोक निराशाहीन हैं और हमें उन पर परेशान नहीं होना चाहिए। (आयत 17 के निमंत्रण पर ध्यान दें।)

तो फिर आयत 11 का क्या उद्देश्य *है*? इस आयत के पहले और बाद में समय के थोड़ा होने पर दिए जाने वाले ज़ोर की रौशनी में (आयतें 10, 12) सभवत: इसका संदेश यह है कि समय और अवसर हाथ से निकल रहे थे।[22] यदि अधर्मी लोग तुरंत अपने जीवनों

को नहीं बदलते तो बहुत देर हो जानी थी: बिना तैयारी वाले लोगों ने अनंतकाल तक ऐसा ही रहना था जबकि इस जीवन में तैयार होने वालों के पास सदा सदा के लिए तैयार रहने का पद रहना था।

आपके और मेरे पास केवल वर्तमान समय ही है। बाइबल बताती है कि "*अभी* वह उद्धार का दिन है" (2 कुरिन्थियों 6:2)। यदि हमें मालूम हो कि हमें प्रभु की बात माननी आवश्यक है और न मान पाएं, तो तीन बातों में से एक हो सकती है: (1) मसीह आ सकता है (प्रकाशितवाक्य 1:7; 22:7, 12, 20); (2) हमारी मृत्यु हो सकती है (इब्रानियों 9:27); या (3) हम पाप में इतने कठोर हो सकते हैं कि हमारे लिए फिर से मन फिराना असंभव हो जाए (इब्रानियों 6:4-6)।

समर्पण पर अन्तिम शब्द क्या है? हमें प्रभु की आज्ञा माननी आवश्यक है और इसे *अभी* मानना आवश्यक है।

अनुग्रह पर अन्तिम शब्द (आयतें 12, 17, 21)

हमने देखा है कि प्रकाशितवाक्य का *आरंभ* और समापन अनुग्रह पर ज़ोर के साथ होता है (1:4; 22:21)। पुस्तक में हमारे आज्ञा पालन, हमारे कामों और इस बात पर कि हमारे जीवन कैसे होने चाहिए बहुत ज़ोर दिया गया है (2:2; 14:13; 20:12): हमारे वचन पाठ में यीशु ने कहा, "देख, मैं शीघ्र आने वाला हूं; और हर प्रकार के काम के अनुसार बदला देने के लिए प्रतिफल मेरे पास है"[23] (22:12)। जीवन के वृक्ष पर केवल उन्हें ही को अधिकार है जो "अपने वस्त्र धो लेते हैं" (आयत 14)। तो भी परमेश्वर नहीं चाहता कि हम यह भूल जाएं कि हम अपना उद्धार कमा नहीं सकते यानी यह कि हमारा उद्धार उसके *अनुग्रह* से ही होता है।

आयत 17 के प्रभु के स्नेहपूर्वक अनुग्रह को बड़ी सुंदरता से व्यक्त किया गया है: "आत्मा और दुल्हन दोनों कहती हैं, 'आ!'[24] जो प्यासा हो वह आए, और जो कोई चाहे वह जीवन का जन सेंतमेंत ले।"[25]

"आत्मा" यहां पवित्र आत्मा को कहा गया है, जिसने शेष बाइबल को लिखने की प्रेरणा देने की तरह (2 पतरस 1:21) प्रकाशितवाक्य की पुस्तक लिखने की प्रेरणा दी (2:7; 14:13)। प्रकाशितवाक्य में "दुल्हन" (जैसा हमने देखा है) कलीसिया अर्थात यीशु के लहू के द्वारा उद्धार पाए हुए लोगों को कहा गया। मत्ती 28:19 में आत्मा के शब्दों से प्रेरित होकर कलीसिया हर किसी को विश्वासियों को दी गई आशिषों की प्रतिज्ञा में भाग लेने का निमंत्रण देती है। निमंत्रण सबके लिए है, इसलिए जो भी इसे सुने, उसे चाहिए कि आगे दूसरों को "आने" के लिए कहे।

पूरी धरती आत्मिक रूप से प्यासी है, क्योंकि लोगों ने "बहते जल के सोते को त्याग दिया है" और अपने लिए "हौद बना लिए, वरन ऐसे हौद जो टूट गए है, और जिनमें जल नहीं रह सकता" (यिर्मयाह 2:13)। संसार मनुष्य जाति को "अशुद्ध वस्तुओं से भरे" सोने के कटोरे पेश करता है (प्रकाशितवाक्य 17:4) और लोग उसे गटागट पी जाते हैं;

परन्तु उनकी प्यास खत्म होने के बजाय बढ़ती ही जाती है। उस भीतरी प्यास को केवल एक ही है जो मिटा सकता है और वह यह निमंत्रण देता है: ''जो प्यासा हो वह आए, और जो कोई चाहे वह जीवन का जन सेंतमेंत ले।''

क्या आपके पास बहुत धन है ? आप उससे ''जीवन का जल'' नहीं खरीद सकते। क्या आप निर्धन हैं ? कोई बात नहीं, यह ''मुफ्त'' मिलता है।

अनुग्रह पर अन्तिम शब्द क्या है ? आप इसके बिना उद्धार नहीं पा सकते। परन्तु जब तक आपको इसकी आवश्यकता की *समझ* नहीं आती और आप प्रभु के पास नहीं आते, तब तक आप उद्धार नहीं पा सकते (मत्ती 5:6)।

सारांश (22:20)

शृंखला के अंत में, मैं पूरे दिल से यह प्रार्थना करता हूं कि आपको हमारे इस अध्ययन से बहुत सी आशीष पाएं। उम्मीद है कि किसी न किसी प्रकार आप में बेहतरी के लिए बदलाव आया है।

इस अन्तिम पाठ के आरंभ में मैने कहा था कि प्रकाशितवाक्य की अन्तिम आयतों का मुख्य विचार यह है कि मसीह वापस आ रहा है। आरम्भिक मसीहियों के लिए यह विचार कि प्रभु विश्वासियों को फल देने के लिए आएगा, बहुमुल्य था (2 तीमुथियुस 4:8; तीतुस 2:13)। इस बात ने उन्हें परीक्षाओं में स्थिर रखा; उन्हें आगे बढ़ने का साहस दिया। वे लोग अरामी भाषा के शब्द ''मारानाथा'' (1 कुरिन्थियों 16:22) से अपने मन की बात कहते थे, जिसका अर्थ है ''हे प्रभु, आ!'' विश्वास की अभिव्यक्ति के साथ कि वह *आएगा* यह प्रार्थना थी कि वह आने में जल्दी करे। आरम्भिक लेखकों से कुछ प्रमाण मिलता है कि आरम्भिक मसीहियों द्वारा प्रभु भोज लिए जाने के संबंध में इस प्रार्थना का इस्तेमाल किया जाता था।[26] हमारे वचन पाठ में आयत 20 में इसी दृढ़ इच्छा की झलक मिलती है: यीशु के यह कहने के बाद कि ''हां, मैं शीघ्र आने वाला हूं'' यूहन्ना का उत्तर था, ''आमीन, हे प्रभु यीशु , आ!''

आप क्या कहते हैं ? क्या *आप* ''उसके प्रकट होने को'' प्रिय जानते हैं (2 तीमुथियुस 4:8) ? क्या आप ''उस धन्य आशा की अर्थात अपने महान परमेश्वर और उद्धारकर्ता यीशु मसीह की महिमा के प्रकट होने की बाट जोहते'' हैं (तीतुस 2:13) ? यदि मसीह अभी आ जाए, तो आप आनन्द से भरेंगे या आतंक से ? क्या आप सच्चे मन से यूहन्ना के साथ ''आमीन, हे प्रभु यीशु आ'' कह सकते हैं ?

यदि आप नहीं कह सकते तो मेरी प्रार्थना है कि आज का दिन खत्म होने से पहले आप ''अपने वस्त्र धो लें'' ताकि आपको ''जीवन के वृक्ष के पास आने का अधिकार … और फाटकों से होकर नगर में प्रवेश'' करना मिले (प्रकाशितवाक्य 22:14)।[27] उम्मीद है कि एक दिन मैं आपके साथ परमेश्वर के सिंहासन के सामने खड़ा होकर उसकी स्तुति गाऊंगा!

सिखाने वालों तथा प्रचारकों के लिए नोट्स

इस पाठ के लिए एक वैकल्पिक शीर्षक ''परमेश्वर के पास अन्तिम वचन है'' है।

इन वचनों का एक और ढंग होगा ''क्या आप (मसीह के आगमन के लिए) तैयार हैं?'':

(1) क्या आप उसकी बात मानते हैं? (आयतें 6, 7);

(2) क्या आप श्रद्धा भाव दिखाते हैं? (आयतें 8, 9);

(3) क्या आप धर्मी हैं? (आयतें 10-12);

(4) क्या आप छुड़ाए हुए हैं ? (आयतें 14-16);

(5) क्या आप वचन को ग्रहण करने वाले हैं? (आयतें 16, 17);

(6) क्या आप सम्मान से भरे हैं? (आयतें 18, 19);

(7) क्या आप आनन्द कर रहे हैं? (आयतें 20, 21)।

कई लेखक द्वितीय आगमन पर 22:6-21 पर अपने विचारों को केन्द्रित करते हैं।

वचन पाठ के भागों का इस्तेमाल पाठ के आधार के रूप में भी किया जा सकता है। *कमैंट्री ऑन रैवलेशन* में बर्टन काफमैन ने ''मसीह, अल्फा और ओमेगा'' और ''मसीह मूल और तारा'' पर प्रवचन नोट्स शामिल किए हैं।[28]

प्रकाशितवाक्य के वचन पर सिखाना या प्रचार करना बन्द करने पर आप पूरी पुस्तक पर एक या दो बार फिर से विचार करें। फ्रैंक पैक ने ऐसी ही एक समीक्षा लिखी।[29]

व्याख्यात्मक पाठों की एक शृंखला में प्रकाशितवाक्य के वचन को बताने के अलावा पुस्तक का संदेश समझाने के और भी ढंग है। अपनी पुस्तक *द सीयर, द सेवियर एंड द सेवड* में जेम्स स्ट्राउस ने सुझाव दिया कि इसे विषयात्मक ढंग से भी समझा जा सकता है: प्रकाशितवाक्य परमेश्वर, स्वर्गदूतों, शैतान, नरक आदि विषयों पर क्या कहता है। ह्यूगो मैकोर्ड ने अपनी पुस्तक *द रायल रूट ऑफ रैवलेशन* का समापन प्रकाशितवाक्य की विषयात्मक समीक्षा के साथ किया।[30]

टिप्पणियां

[1]अल्बर्ट एच. बाल्डिंगर, *प्रीचिंग फ्रॉम रैवलेशन: टाइमली मैसेजेस फ़ॉर ट्रबल्ड हार्ट्स* (ग्रैंड रैपिड्स, मिशिगन: ज़ौंडर्वन पब्लिशिंग हाउस, 1960), 117. [2]सोलह आयतों की चुनौती यह है कि यह बताना हमेशा आसान नहीं होता कि कौन बोल रहा है। यीशु, यूहन्ना और स्वर्गीय दूत की आवाज़ें आपय में मिल जाती हैं। हमें यह समझना आवश्यक है कि बोल चाहे जो भी रहा हो, परन्तु बात वह *प्रभु की* ही कह रहा है। [3]मैं इस पाठ में पहले चर्चा किए गए शब्दों और वाक्यांशों पर टिप्पणी करने के लिए समय बर्बाद नहीं करूंगा। इनमें से कई शब्दों और वाक्यांशों की चर्चा *ट्रुथ फ़ॉर टुडे* की पुस्तक ''प्रकाशितवाक्य, 1'' के पाठ ''कब तक, हे प्रभु?'' में मिल जाएगी। [4]इससे यह माना जाता है कि पुस्तक डोमिशियन के शासन के दौरान लगभग 96 ईस्वी में लिखी गई थी। [5]मूल धर्मशास्त्र में ''मैं'' ज़ोरदार है। यूहन्ना अपने पाठकों को अपने लिखे की

प्रमाणिकता सुनिश्चित करना चाहता था। वह उन्हें यह भी बताना चाहता था कि पुस्तक किसी अति कल्पना का परिणाम नहीं थी बल्कि उसने संक्षेप में वही लिखा जो उसने देखा और सुना था।[6]''इन बातों को बन्द न कर'' की आज्ञा ज़ोर देती है कि संदेश *फिर* दूर-दूर तक जाना था। यह दानिय्येल को दिए गए निर्देशों से भिन्न है, जिसे अपना संदेश ''बन्द रखने'' के लिए कहा गया था (दानिय्येल 12:4)। *ट्रुथ फ़ॉर टुडे* की पुस्तक ''प्रकाशितवाक्य, 1'' के पाठ ''प्रकाशितवाक्य की सात बातें जो आपको पता होनी चाहिए'' में बन्द रखने बनाम बन्द न रखने पर नोट्स देखें।[7]मूल पाठ में, ''मुझ, यीशु'' ज़ोर देने वाला है। (इसी पाठ में टिप्पणी 5 देखें।) [8]यह तथ्य ''शीघ्र आने वाला'' अध्याय 22 में उतनी ही बार आया है, जितनी 1 से 21 अध्यायों में। [9]जैसा कि हमारे पूरे अध्ययन में हुआ है, इस युग के अन्त में अस्थाई ''आगमनों'' और द्वितीय आगमन के हवालों में अन्तर करना आसान नहीं है। पहली शताब्दी में सताए जा रहे मसीही लोगों के मन में रोम को दण्ड देने के लिए प्रभु के ''आगमन'' से बड़ी बात कोई नहीं होगी। दोनों तरह के ''आगमन'' एक-दूसरे के साथ मिल जाते हैं। जे. डब्ल्यू. रॉबर्ट्स ने लिखा है कि ''उस घटना का पूर्वाभास होने के कारण अस्थाई घटनाओं का वर्णन अन्तिम आगमन के शब्दों में किया जा सकता है'' (*द रैवलेशन टू जॉन [द अपोकलिप्स],* द लिविंग वर्ड कमैंट्री सीरीज़ [आस्टिन, टैक्सस: स्वीट पब्लिशिंग कं., 1974], 199)। [10]मैं सामान्य शब्द ''प्रभु'' का इस्तेमाल करता हूं क्योंकि 1:8 से यह स्पष्ट नहीं है कि बात पिता कर रहा है या पुत्र। *ट्रुथ फ़ॉर टुडे* की पुस्तक ''प्रकाशितवाक्य, 1'' के पृष्ठ 87 पर 1:8 पर नोट्स देखें।

[11]यीशु को पहले ही ''विश्वासयोग्य और सत्य'' कहा गया है (3:14; 19:11); उसके वचन में ये गुण होने स्वाभाविक हैं। [12]वचन में यहां पर प्रकाशितवाक्य पर कई लेखक टिप्पणी करते हैं कि उन्हें आशा है कि उन टिप्पणियों में जो उन्होंने दी हैं, जोड़ने या घटाने के दोषी नहीं हैं। मैं भी कई बार ऐसा ही कहता हूं। [13]देखें यशायाह 11:1. *ट्रुथ फ़ॉर टुडे* की पुस्तक ''प्रकाशितवाक्य, 1'' के पृष्ठ 77 पर 5:5 पर नोट्स देखें। [14]जैसा मैंने अपने अध्ययन में पहले ज़ोर दिया है, यीशु *अब* स्वर्ग में दाऊद के सिंहासन पर बैठा है। [15]*ट्रुथ फ़ॉर टुडे* की पुस्तक ''प्रकाशितवाक्य, 1'' के पृष्ठ 172 पर 2:28 पर नोट्स देखें। [16]बर्टन कॉफ़मैन ने दावा किया कि यहां यूहन्ना का कार्य अध्याय 19 वाले कार्य से अलग था। अध्याय 19 विशेष रूप से कहता है कि प्रेरित ''उसको दण्डवत करने के लिए'' स्वर्गदूत के कदमों में गिर गया (आयत 10), जबकि अध्याय 22 केवल इतना कहता है कि प्रेरित ''दण्डवत करने के लिए'' स्वर्गदूत के कदमों में गिरा (आयत 8)। कॉफ़मैन के अनुसार दूसरी बार यूहन्ना का उद्देश्य परमेश्वर को दण्डवत करना था और ऐसा करने के लिए परमेश्वर के दूत के सामने झुकना उसका पाप था। दोनों आयतें इतनी निकट से मेल खाती हैं कि लगता है कि वे यूहन्ना की गलती ही दिखा रही हैं: सृष्टिकर्त्ता के बजाय सृष्टि को दण्डवत करने की। तौ भी कॉफ़मैन का विचार, विचार के योग्य है (*कमैंट्री ऑन रैवलेशन* [आस्टिन, टैक्सस: फर्म फाउंडेशन पब्लिशिंग हाउस, 1979], 523)। [17]''कलीसिया के बाद के इतिहास की यह एक त्रासदी है कि उनका ध्यान सच्चे परमेश्वर की आराधना करने से स्वर्गदूतों और 'संतों' की आकाश गंगा के अलावा भेद्य वस्तुओं पर हो गया'' (फ्रैंक पैक, *रैवलेशन,* पार्ट 2 [आस्टिन, टैक्सस: आर. बी. स्वीट कं., 1965], 70)। [18]KJV में ''धन्य हैं वे जो उसकी आज्ञाओं को मानते हैं'' है। यूनानी में ''अपने वस्त्र धोते'' और ''उसकी आज्ञाओं को मानते'' दोनो वाक्यांश एक जैसे लगते हैं। वचन का प्रमाण ''अपने वस्त्र धोते'' के पक्ष में है, परन्तु दोनों वाक्यांशों को अर्थ मुख्यतया एक ही है। [19]मूल धर्मशास्त्र में ''धो लेते'' वर्तमान काल में है और इसका अनुवाद ''धोते रहते'' हो सकता है। जब हम परमेश्वर के वचन की रोशनी में चलते हैं तो मसीह का लहू हमें हमारे पापों से धोता रहता है (1 यूहन्ना 1:7)। [20]हमें न्याय के दिन के बाद यशब की दीवारों के बाहर गुर्राते ''कुत्तों'' और दुष्ट लोगों की तस्वीर बनाने की आवश्यकता नहीं है। ''बाहर'' का अर्थ केवल इतना है कि वे ''अन्दर'' नहीं होंगे। 21:8 के शब्द यह स्पष्ट कर देते हैं कि 22:15 वाले लोगों को आग की झील में फैंका जाएगा, जिसे कहीं और ''*बाहर* अन्धकार'' के रूप में वर्णित किया गया है (मत्ती 8:12)।

[21]*ट्रुथ फ़ॉर टुडे* की पुस्तक ''प्रकाशितवाक्य, 1'' के पृष्ठ 172 और 173 पर 7:14 पर नोट्स देखें। [22]आयत 11 के अर्थ के बारे में और सम्भावनाएं मिलती हैं: यह सम्भव है कि विडम्बना या व्यंग्य इसमें हो: ''जा और जैसे तेरा मन करता है, वैसे जीवन बिता ... परन्तु परिणामों को भुगतने के लिए तैयार रह।'' कई

लोग इसे सभोपदेशक 11:9 से मेल खाता बताते हैं, जहां जवान व्यक्ति को अपनी मनमानी करने के लिए कहा गया है, परन्तु फिर उसे याद दिलाया गया है कि परमेश्वर ''इन सब बातों के विषय'' उसका न्याय करेगा। अन्य आयत 11 के पहले भाग में उनका विवरण देखते हैं, जो पाप में इतना कठोर हो जाते हैं, कि बदल नहीं सकते (देखें इब्रानियों 6:4-6)। [23]यूनानी शब्द के अनुवाद ''प्रतिफल'' का अर्थ ''जो बनता है'' है; यह वेतन या मज़दूरी के लिए इस्तेमाल किया गया है। [24]कई लेखकों का मानना है कि पहले दो ''आ'' यीशु के लिए है (जैसे आयत 20 में है), जबकि केवल तीसरा ''आ'' खोए हुओं के लिए है। यह अधिक सम्भावना है कि तीनों आपस में मेल खाते हों और हर शब्द उनके लिए हो जिन्हें प्रभु के पास आने की आवश्यकता है। [25]आयत 17 की तुलना यशायाह 55:1 से करें। [26]यह वाक्य रॉबर्ट्स, 201 से लिया गया है। [27]यदि आप इस पाठ का इस्तेमाल प्रवचन के रूप में करते हैं तो आपको यह समझाना चाहिए कि मसीही कैसे बना जा सकता है (मरकुस 16:16; प्रेरितों 2:28) या वापस कैसे आया जा सकता है (प्रेरितों 8:22; याकूब 5:16)। [28]कॉफ़मैन, 528-29, 532-34. [29]पैक 75-80. [30]ह्यूगो मैकोर्ड, *द रॉयल रूट ऑफ़ रैवलेशन* (नैशविल्ल्ले: टवंट्यिथ सैंचुरी क्रिश्चियन, 1976), 52-54.

विचार एवं चर्चा के लिए प्रश्न

1. अध्याय 1 का पहला भाग और फिर अध्याय 22 का अन्तिम भाग पढ़ें। इन दोनों वचनों में आपको कितने विचार मेल खाते मिल सकते हैं?
2. पाठ कहता है कि प्रकाशितवाक्य का उद्देश्य हज़ारों वर्ष के भविष्य की घटनाओं की समयसारिणी देना नहीं था। 22:6-21 में कौन सी आयतें इसकी पुष्टि करती हैं?
3. प्रकाशितवाक्य के छठे और सातवें ''धन्य वचन'' 7 और 14 आयतों में मिलते हैं। सातों धन्य वचनों पर विचार करें। (इस पुस्तक में ''हैलेलुय्याह'' का गीत देखें।) फिर छठे और सातवें धन्य वचन पर चर्चा करें।
4. क्या आज भी लोग स्वर्गदूतों और कथित ''संतों'' की मूर्तियों के आगे झुकने के दोषी हैं?
5. क्या आयत 11 के पहले भाग का अर्थ यह है कि बुराई या नैतिक गन्दगी में रहना स्वीकार्य है? यदि इसका अर्थ यह नहीं है तो आपको क्या लगता है कि इसका क्या अथ है?
6. ''अपने वस्त्र धोए'' बिना हम स्वर्गीय नगर में प्रवेश नहीं कर सकते। हम ''अपने वस्त्र धोते'' कैसे हैं।
7. आयत 15 में ''कुत्तों'' शब्द का क्या अर्थ है?
8. क्या आपको कभी आत्मिक प्यास लगी है? प्रभु हमारी प्यास कैसे बुझाता है?
9. 18 और 19 आयतों पर चर्चा करें। और कौन से कुछ ढंग हैं जिनसे धार्मिक जगत इस शब्द में *जोड़ता* है? वे कुछ ढंग कौन से हैं, जिनसे धार्मिक जगत इसमें से *निकालता* है।
10. ''मारानाथा'' शब्द का क्या अर्थ है? क्या ''आ, हे प्रभु यीशु'' कहने का आपका यही *अर्थ* हो सकता है?
11. प्रकाशितवाक्य के अध्ययन के दौरान आपको सबसे महत्वपूर्ण सच्चाई पता चली है?